(3)

ग्रीन लान्स हाई स्कूल

दिनांक-

वार्षिक परीक्षा 2016-17

अनुक्रमांक-

कक्षा-5 A B C **हिन्दी**

नाम ------------------------------------ **अंक-80**

सूचना - भाग अ के सभी प्रश्नों के उत्तर, उत्तर पुस्तिका में लिखना है। भाग ब तथा स के सभी प्रश्नों के उत्तर प्रश्नपत्र के खाली स्थान में लिखें -

भाग अ

प्रश्न1- किसी एक विषय पर निबंध लिखिए - (10)

1- मेरी माँ 2- विज्ञान- वरदान या अभिशाप 3- समुंदर किनारे एक शाम

4- पुस्तकालय

प्रश्न2- निम्नलिखित पत्रों में से किसी एक विषय पर पत्र लिखिए - (7)

1- परीक्षा में प्रथम आने पर अपने मित्र को बधाई पत्र ।

2- फीस में होने वाली देरी के लिए प्रधानाचार्या को पत्र ।

अपठित गद्यांश

प्रश्न3- निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-

कबड्डी को मैं सर्वोत्तम खेल मानता हूँ ! इसका कारण यह है कि इस खेल में हींग लगे न फिटकरी और रंग चोखा ही होय वाली उक्ति चरितार्थ होती है। अर्थात बाहर से कोई साधन इस खेल के लिए खरीदना नहीं पड़ता। इस पर खर्च भी कुछ नहीं होता। यह खेल एक ओर से तो शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ाता है और दूसरी ओर आनंद और विनोद को जन्म देकर मनुष्य को उत्साही और साहसी बनाता है। इसे कहीं भी खेला जा सकता है। हिमालय से कन्याकुमारी तक यह खेल लोकप्रिय है। इस खेल के लिए एक छोटा सा मैदान होना चाहिए। एक रेखा द्वारा मैदान को दो समान भागों में बाँट दिया जाता है। फिर समान संख्या में खिलाड़ी दोनों ओर खड़े हो जाते हैं। खेल शुरू होते ही एक टीम का खिलाड़ी कबड्डी-कबड्डी बोलता हुआ दूसरी टीम की ओर जाता है। वह कोशिश करता है कि उस पक्ष के खिलाड़ी को छू ले पर स्वयं न पकड़ा जाए। यदि वह एक या दो से अधिक खिलाड़ी को छू कर अपनी टीम तक पहुँच जाता है तो उस पक्ष का उतना अंक बढ़ जाता है। यदि दूसरे पक्ष के खिलाड़ी उसे पकड़ लेते हैं और वह मध्य रेखा को नहीं छू पाता, तो दूसरे पक्ष को एक अंक प्राप्त हो जाता है। जिस पक्ष को अधिक अंक प्राप्त होते हैं उस पक्ष को विजयी घोषित किया जाता है। इस प्रकार बारी-बारी से दोनों पक्षों

के खिलाड़ी विपरीत पक्ष में कबड्डी-कबड्डी बोलते जाते हैं और खेल चलता रहता है। यदि विपरीत पक्ष में जाकर किसी की साँस टूट जाती है और दूसरे पक्ष के खिलाड़ी उसे छू लेते हैं तो वह आउट मान लिया जाता है।

प्रश्न-

1- कबड्डी के खेल को सर्वोत्तम खेल क्यों माना जाता है ? (2)

2- इस खेल में कौन सी उक्ति चरितार्थ होती है ? (1)

3- खिलाड़ी कबड्डी-कबड्डी बोलता हुआ क्या कोशिश करता है ? (1)

5- इस खेल की लोकप्रियता कहाँ से कहाँ तक है? (1)

6- कबड्डी के खेल में अंक कैसे प्राप्त किए जाते हैं ? (2)

7 - दूसरे पक्ष में जाने वाला खिलाड़ी आउट कब मान लिया जाता है? (1)

प्रश्न4 - दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए - (15)

1- सत्यवादी हरिश्चंद्र नाटक देखने के बाद गाँधीजी क्या सोचा करते थे

2- पहले डाँटने वाली माँ फिर मुन्ना राजा! क्यों कहती हैं?

3- बीमारी फैलाने वाले बैक्टीरिया कहाँ से आते हैं?

4- झटपट सिंह के कपड़े कैसे फट गए थे?

5- कबीरदास जी ने समय का महत्त्व बताते हुए क्या कहा है?

मधुकलश -

ब- निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए - (6)

1- अपने घर पर रूखा सूखा चारा मिलने पर भी हीरा मोती खुश क्यों थे?

2- तोते को पढ़ाने के लिए क्या-क्या तैयारियाँ की गईं?

प्रश्न 8- अ निम्नलिखित वाक्य किसने किससे कहे लिखिए - (4)

1- ऐसे सूक्ष्म जीवाणुओं को कैसे देखें।

2- मिट्टी में बहुत सारे बैक्टीरिया है।

3- भूल गए आज शनिवार है।

4- खुद को ज़रा बदलो इतनी जल्दबाजी भी ठीक नहीं।

प्रश्न 9 - समानार्थक शब्दों को मिलाइए - (2)

1- जाके	क - वाणी
2- परलय	ख - जिसके
3- बानी	ग - सत्य
4- साँच	घ - प्रलय

प्रश्न 10 - दोहे की पंक्तियाँ पूरी करें - (2)

साँच --

--आप।।

प्रश्न 11 – दिए गए शब्दों के अर्थ लिखिए - (2)

सूक्ष्म - -------------------------------- सत्यवादी - --

विलाप - ------------------------------ दुरूस्त - ---

भाग स

1 - मुहावरों का अर्थ लिखिए - (2)

1- ईद का चाँद होना - ---

2- नाक में दम करना - ---

2 - दिए गए शब्दों के विलोम शब्द लिखिए - (2)

1- क्रय - ------------------------- 3 - उपकार - ----------------------------

2-अनुज - ----------------------- 4 - देव - -------------------------------

3 - दिए गए शब्दों के वचन बदलें - (2)

1- रेखा - ------------------------- 3 - गलती - ---------------------------

2- पौधा - ---------------------- 4 - धातु - ----------------------------

4 - अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए- (2)

1 - प्रत्येक वर्ष होने वाला - -----------------------------

2 - जो प्रशंसा के योग्य हो - ----------------------------

5 - दिए गए वाक्यों के काल निर्देशानुसार बदलिए - (2)

1- मोहित मेरे घर आया था। (वर्तमान काल)

2- सभी मित्र सिनेमा देखने गए थे। (भविष्यत् काल)

----

6 - निम्नलिखित वाक्यों को पहचान कर उनके भेद लिखिए- (2)

1- मैं उसके घर गया था पर वह नहीं मिला। (----------------------------------)

2- अध्यापिका ने छात्रों को कहानी सुनाकर लिखने को कहा। (----------------------------------)

7 - निम्नलिखित वाक्यों में क्रियाविशेषण शब्दों को रेखांकित कर भेद लिखिए - (3)

1- घर लौटते-लौटते रात हो गई। (-----------------------------------)

2- नदी का बहाव तेज़ है। (------------------------------------)

3- पाठशाला के सामने बड़ा सा पेड़ है। (------------------------------------)